राजस्थान पत्रिका

23/8/16

किसानों को दिया प्रशिक्षण

मालपुरा अविकानगर में आयोजित शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करते किसान।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में केन्द्रीय ऊन विकास मण्डल जोधपुर के सहयोग से भेड़ एवं ऊन उत्पादन में किसानों के ज्ञान एवं कौशल की वृद्धि विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। इसमें संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि भेड़ एवं बकरी पालकों के लिए सहकारी समिति का गठन किया गया है। यह समिति किसानों को उनकी भेड़ व बकरियों का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेगी। प्रवक्ता प्रकोष्ठ प्रभारी रमेशचन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में किसानों को वैज्ञानिकों की ओर से विकसित की गई भेड़ों में प्रजनन, गर्भ, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन, ऊन कताई-बुनाई, रंगाई व सहकारी समितियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में तांत्या, रिण्डल्या बुजुर्ग, इंदौली, मालपुरा के किसानों ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए गए।